## न्यायालय अवर न्यायाधीश, बलिया

**<u>दिवानी वाद सं0— 106/15</u>**

**<u>22/10/2019</u>** उभयपक्षों की हाजरी है। वाद आज वादी के दिनांक— 19/08/2019 के आवेदन पर आदेश हेतु नियत है। उभयपक्षों को पूर्व में सुना जा चुंका हैं उक्त आवेदन में वादी की ओर से प्रार्थना कि गई है कि डंडारी अंचल के लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा वादी के सूचना आवेदन के जबाव में भेजे गए उत्तर को लोक दस्तावेज होने के कारण वादी की ओर से प्रदर्श अंकित करने की कृपा की जाए। प्रतिवादी की ओर से इस आवेदन का विरोध किया गया है तथा इस आवेदन को खारिज करने की प्रार्थना की गई है। उभयपक्षों को सुनने एवं अभिलेख अवलोकन करने के उपरांत वादी का आवेदन दिनांक— 19/08/2019 न्यायहित में स्वीकृत किया जाता है तथा लोक सूचना पदाधिकारी डंडारी द्वारा पत्रांक— 765/8—11—14 के द्वारा प्रेषित सूचना को वादी का प्रदर्श— 02 अंकित किया जाता हैं। वाद दिनांक— 20/11/2019 वास्ते अग्रतर कार्यवाही।

**लेखापित**

**अवर न्यायाधीश**